हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार, 20 दिसंबर 2025

11 प्रदेश संगठन महामंत्री ने जिले के चारों विधानसभा...



12 10 लाख से ऊपर के गृहकर बकायेदारों को नप का नोटिस



चचेरे भाई की शिकायत पर बदमाश बब्बू व वाशू पोटिंग खायरा और महेश बाछौद सहित 15 अन्य पर मामला दर्ज

# सात यूनिट ब्लड चढ़ने के बाद भी होश में नहीं आया घायल विक्की, होश आने पर वारदात से उठाएगा पर्दा

**वारदात पर मिली हथियार की मैगजीन, पांच जिंदा रौन्द, खून से सटी लोहे की पाइप, गाड़ी नंबर प्लेट, जैकेट व एक जूता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नसीबपुर में दो दिन पहले हुए झगड़े में घायल विक्की को सात यूनिट ब्लड चढ़ने के बाद भी होश नहीं आया है। होश आने के बाद ही वारदात से पर्दा उठ सकता है। फिलहाल घायल के चचेरे भाई की शिकायत पर सिटी पुलिस ने तीन नामजद बब्बू खायरा, वाशू पोटिंग खायरा व महेश बाछौद सहित 15 अन्य पर आर्म्स एक्ट की धारा 25, बीएनएस की धारा 109 (1), 111(2) (बी), 117(2), 190, 191(3), 324(4) के तहत केस दर्ज किया है। वारदात में हथियार की मैगजीन व पांच जिन्दा रौन्द भी मिले है। बताया जा रहा है कि इस मामले में एक नामजद आरोपित को पुलिस ने पकड़ा है।



नारनौल। घटनास्थल पर पड़ी मैगजीन।

## सीन ऑफ क्राइम ने मौके से जुटाएं साक्ष्य

एफआईआर में बताया गया है कि 17 दिसम्बर को कंट्रोल रूम नारनौल से सूचना मिली कि बाबा जेठू बाबा मंदिर नसीबपुर के पास एक युवक के साथ कुछ युवक मारपीट कर रहे है। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर एक गाड़ी क्षतिग्रस्त हालत में खड़ी हुई थी। मौके पर खून बिखरा हुआ थ। पता चला कि घायल विक्रांत उर्फ विक्की वासी डोहर को इलाज के लिए एम्बुलेंस गाड़ी से अस्पताल ले जाया चुका है। उच्च अधिकारियों को घटना बारे अवगत करवाया गया और सीन ऑफ क्राइम इंचार्ज डा. आनंद को मौका घटनास्थल पर निरीक्षण के लिए बुलाया। डॉ आनंद ने घटनास्थल पर बारीकी से निरीक्षण किया और वहां खून से सनी हुई जैकेट, एक पैर का जूता खून से सना हुआ, जमीन व गाड़ी में बिखरा खून, जमीन पर पड़ी हुई एक मैगजीन मय पांच जिन्दा रौन्द, लोहे पाइप की टी, जिस पर खून लगा हुआ और अन्य गाड़ी की नंबर प्लेट को साक्ष्य के तौर पर उठाकर पुलिस के हवाले किया।



नारनौल। क्षतिग्रस्त गाड़ी व बिखरा पड़ा सामान।

## चचेरे भाई ने पुलिस को यह दी शिकायत

गांव डोहर कलां वासी नरेंद्र यादव ने सिटी थाना के नाम दी शिकायत में बताया है कि 17 दिसम्बर की शाम करीब साढ़े छह बजे सूचना मिली, ताऊ के लड़के विक्रांत उर्फ विक्की के साथ झगड़ा व मारपीट हो रही है जोकि मौके पर पहुंचा तो वहां पर बब्बू खायरा, वाशू पोटिंग व महेश बाछौद जो अपराधी पर्वती के लड़के है। इनके साथ 14 व 15 अन्य आदमी थे, जिनके खिलाफ लूट, हत्या, फिरौती, हत्या का प्रयास के मुकदमें दर्ज है। इन लोगों ने अपना एक गिरोह बनाया हुआ है। जिसके चलते यह लोग जमीन पर कब्जा, पैसे लेकर मारपीट करना, पैसे लेकर मर्डर करना व करवाना जैसे संगठित अपराध करते है। शिकायतकर्ता ने बताया है कि जब वहां पहुंचा तो यह लोग भाई विक्की को बुरी तरह लोहे की रॉड व डण्डे से मार रहे थे। विक्की पूरी तरह खून से लथपथ था। जब इन्होंने देखा और ये लगा कि इसकी मृत्यु हो चुकी है, जोकि नसीबपुर के कुछ लोगों के वहां एकत्रित हो जाने पर अपने साथ लाइ गाड़ी बोलेरो, कैम्पर व बाइक पर बैठकर भाग गए। मौके पर इनके अवैध हथियार से एक मैगजीन वहीं गिर गई। नसीबपुर के किसी आदमी ने फोन किया व अपने भाई को लेकर अस्पताल चला गया। वहां नारनौल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद अच्छे इलाज के लिए जयपुर ले गया। जो बब्बू खायरा, वाशू पोटिंग खायरा व महेश बाछौद अपने साथियों के साथ संगठित होकर भाई विक्की की जान से मारने की नियत से चोटे मारी, जिसके कारण उसका काफी खून बह गया। जिसके चलते अब तक सात यूनिट चढ़ चुकी है, लेकिन विक्की को अब तक होश नहीं आया है।

---

**खबर संक्षेप**



नारनौल। वाहन की जांच करते पुलिस कर्मी। फोटो : हरिभूमि

### पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

**नारनौल।** जिले में आपराधिक गतिविधियों पर नकेल कसने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने एक व्यापक और सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस विशेष अभियान के तहत जिले के सभी प्रमुख मार्गों और सीमावर्ती नाकों पर नाकाबंदी कर पुलिस की विभिन्न टीमों ने मुस्तैदी से वाहनों की जांच की। सुरक्षा और कानून व्यवस्था के उद्देश्य से इस कार्यवाही में हर छोटे-बड़े वाहन की गहनता से तलाशी ली गई। नियमों की अनदेखी करने वालों पर पुलिस ने सख्ती दिखाई और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले तथा अधूरे दस्तावेजों वाले अनेक वाहनों के तत्काल चालान काटे गए।

### आर्य समाज संघीवाड़ा की प्रधान बनी अरुणा आर्या

**नारनौल।** आर्य समाज संघीवाड़ा में त्रिवार्षिक चुनाव के अवसर पर यज्ञ का आयोजन किया गया। बुधराम आर्य की अध्यक्षता में आयोजित इस चुनाव में अरुणा आर्या को प्रधान, वेदप्रकाश शर्मा को उपप्रधान, योगाचार्य विश्वपाल आर्य को मंत्री, जयप्रकाश यादव को उपमंत्री सुरेश कुमार यादव को खजांची, मास्टर रमेश चंद को पुस्तकालय अध्यक्ष, सुरेंद्र शास्त्री को पुरोहित, राजबाला को सेवा प्रभारी, एडवोकेट सुधीर कुमार को कानूनी सलाहकार और वेदप्रकाश आर्य को संयोजक बनाया गया। मौके पर डॉ. कृष्णा कुमारी आर्या एवं वासुदेव यादव मनोज जांगड़ा, विद्या देवी, लक्ष्मी देवी, राज शर्मा, मीना यादव, अमित, हरीश, गौरव, प्रभातीलाल, रोशन, हुकम व रामसिंह आदि उपस्थित रही।

---

महेंद्रगढ़ नगर पालिका ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

# जो कहा वह किया, महेंद्रगढ़ अतिक्रमण मुक्त करने के लिए तोड़े गए चबूतरे

दुकानदारों ने प्रशासनिक चेतावनी के बाद बाजार के अधिकांश दुकानदारों ने स्वेच्छा से अपने शेड, अवैध निर्माण और सड़क किनारे रखे सामान को हटा लिया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

नगर पालिका टीम द्वारा शुक्रवार को बड़े स्तर पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। टीम ने विभिन्न बाजारों में दौरा कर दुकानों के बाहर रखा सामान जब्त किया। इसके अलावा रोड पर बने चूबतरे की जेसीबी मशीन की सहायता से हटाया गया। हालांकि शहर के दुकानदारों ने प्रशासनिक चेतावनी के बाद बाजार के अधिकांश दुकानदारों ने स्वेच्छा से अपने शेड, अवैध निर्माण और सड़क किनारे रखे सामान को हटा लिया था। इससे न केवल मुख्य सड़क चौड़ी हुई है, बल्कि यातायात भी सुचारू होने लगा है।

सुबह से बाजार में गतिविधि तेज हो गई और दोपहर तक सड़क किनारे का अधिकांश हिस्सा पूरी तरह खाली हो गया। इससे यातायात सामान्य हो गया और लोगों को आवागमन में काफी राहत मिली। स्थानीय निवासियों का कहना है कि अतिक्रमण हटने से जाम की समस्या में बड़ी कमी आएगी, खासकर त्योहारों के समय। शहर के दुकानदारों का कहना है कि प्रशासन ने समय रहते चेतावनी दी, इसलिए हमने खुद ही शेड हटा लिया। यह कदम सबके हित में है। इसके अलावा शहर का सबसे बड़ा शॉपिंग कॉम्पलेक्स के दुकानदारों ने भी बरामदे खाली कर लिए हैं। शॉपिंग कॉम्पलैक्स के दुकानदार 25 वर्षों से कब्जा जमाए बैठे थे। शुक्रवार को दुकानदार अपनी हद में बैठकर व्यापार करते नजर आए। प्रशासन की चेतावनी के बाद शहर के अधिकतर दुकानदारों ने अपनी दुकान के आगे बने चबूतरे को तोड़ दिए हैं। टीम ने दुकानदारों को चबूतरे हटाने के भी निर्देश दिए हैं। नगर पालिका का यह अभियान लगातार जारी रहेगा।



महेंद्रगढ़। दुकान के आगे चबूतरे तोड़ती जेसीबी मशीन। फोटो : हरिभूमि

### पालिका का अभियान जाम से निजात दिलाना

नगर पालिका अधिकारियों के निर्देश पर चलाए गए अभियान का उद्धेश्य सड़कों को खाली कराना और यातायात जाम से निजात दिलाना है। वहीं अतिक्रमण विरोधी टीम ने मुख्य बाजारों के दुकानदारों को अपनी दुकानों के बाहर सामान न रखने की सख्त हिदायत दी। इस दौरान कई दुकानों के बाहर पड़ा सामान जब्त किया गया। शुक्रवार को नगर पालिका की ओर से टीम का गठन किया।

### पहले रहता था जाम

बता दें कि दुकानदारों द्वारा रोड पर सामान होने के कारण हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। जिससे आमजन के साथ-साथ वाहन चालक भी बुरी तरह से परेशान है। पालिका अधिकारियों के अनुसार शहर के मेन बाजारों में जाम की स्थिति से निपटने व शहर के सौंदर्यीकरण के लिए शहर को अतिक्रमण मुक्त आवश्यक है। इस कार्य में आमजन का सहयोग भी जरूरी है।

### शहर को अतिक्रमण मुक्त करना उद्देश्यः सांगवान

शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए यह अभियान जारी रहेगा। उन्होंने दुकानदारों से नियमों का पालन करने और सड़कों पर सामान रखकर यातायात बाधित न करने की अपील की। सचिव ने बताया कि कुछ दुकानदारों ने अपने पक्के व चबूतरे हटा लिए है। उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना सहित अन्य कार्रवाई की जाएगी।

*-गौरव सांगवान, पालिका सचिव, महेंद्रगढ़*

### दुकानदारों की होगी जिम्मेदारी सीधे सामान उठाएगी नपा

उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार बाजार में दुकानों के आगे किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए कहा जा रहा है। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका से शुरू होकर अंबेडकर चौक, सीएसडी कैंटीन, यादव धर्मशाला, बस स्टैंड, राव तुलाराम चौक, आईटीआई रोड से आगे अतिक्रमण को हटवाया गया है। कुछ दुकानदारों ने अपना सामान खुद हटा लिया। उन्होंने दुकानदारों को चेतावनी दी की भविष्य में पालिका द्वारा चलाए जाने वाले अभियान के दौरान यदि किसी भी व्यक्ति का सामान रोड पर मिलता है तो उसे पालिका उठवा लेगी, जिसकी जिम्मेवारी स्वयं की होगी।

### दो टीमों ने की कार्रवाई

*पहली टीम में नगर पालिका सचिव गौरव सांगवान रहे। दूसरी टीम में तहसीलदार रहे। यह अभियान नगर पालिका कार्यालय से शुरू होकर शंकर मार्केट, बालाजी चौक, विश्वकर्मा चौक, सीएसडी कैंटीन, बस स्टैंड, राव तुलाराम चौक होते आईटीआई रोड आंबेडकर चौक से नगर पालिका कार्यालय में जाकर समाप्त हुआ। इसके साथ ही आगे से रोड पर अतिक्रमण करने पर कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई। अभियान के दौरान पालिका कर्मचारियों ने शहर के मेन बाजारों में रोड पर अतिक्रमण करने वाले लोगों के सामान को उठाकर पालिका वाहनों में डाल लिया।*

---

## हैफेड के पीछे 3 एकड़ पर अवैध कॉलोनी में लगाए चेतावनी बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

डीटीपी टीम की ओर से शुक्रवार शहरी क्षेत्र निजामपुर रोड पर हैफेड गोदाम के पीछे शमशान घाट के साथ लगती हुई जमीन पर लगभग तीन एकड़ भूमि में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में चेतावनी बोर्ड लगाने की कार्यवाही की है। राजस्व सम्पदा नारनौल के खसरा नंबर 2902 व 2903 में कुछ लोगों की ओर से यहां करीब तीन एकड भूमि में नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग के महानिदेशक से बिना लाईसन्स अनुमति लिए अवैध कालोनी बनाई जा रही थी। यह पूरी कार्यवाही जिला नगर योजनाकार की अगुवाई में स्टाफ सदस्यो के साथ अमल में लाई गई।

डीटीपी मन्दीप सिंह सिहाग ने लोगों से कहा है कि नियन्त्रित क्षेत्र/शहरी क्षेत्र में कोई भी निर्माण बिना विभागीय अनुमति के न करें। नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग के महानिदेशक से लाईसैन्स अनुमति लेने उपरान्त ही कृषि भूमि को रिहायशी अथवा वाणिज्यिक उपयोग के लिए परिवर्तित करें अन्यथा चूककर्ताओं के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाएगी। ऐसे में आम जन किसी भी अवैध कॉलोनी में कोई प्लाट प्रापर्टी डीलर्स के बहकावे में आकर न खरीदें और न ही अवैध निर्माण करें।

इसके अतिरिक्त कोई भी प्लॉट खरीदने से पहले कॉलोनी की वैधता बारे व निर्माण करने से पूर्व नियमानुसार अनुमति लेने बारे डीटीपी से किसी भी कार्यदिवस में पता किया जा सकता है। भविष्य में जिले में अन्य स्थानों पर विकसित की जा रही अवैध कालोनियों तथा अवैध निर्माण के खिलाफ कार्यवाही जारी रहेगी।



नारनौल। निर्माणकार्य पर चेतावनी बोर्ड लगाते हुए। फोटो : हरिभूमि




नारनौल। डिविजन कार्यालय में प्रदर्शन करते बिजली निगम कर्मी। फोटो : हरिभूमि

## ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी रद्द करवाने के लिए बिजली कर्मियों ने सौंपा ज्ञापन

**नारनौल।** केंद्रीय परिषद हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रीसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन के आह्वान पर डिविजन नारनौल कार्यालय के प्रांगण में ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में शुक्रवार को भी दो घंटे धरना–प्रदर्शन आयोजित किया गया। इसके पश्चात कार्यकारी अभियंता द्वारा मनोनीत प्रतिनिधि एसडीओ लोकेश कुमार को एक ज्ञापन दिया गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता पूर्व संगठनकर्त्ता सुभाष रोहिल्ला ने की। मंच का संचालन यूनिट प्रधान सत्यप्रकाश ने किया। इस रोष प्रदर्शन का मुख्य मुद्दा ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को रद्द करवाना रहा। इसके साथ ही पुरानी पेंशन बहाल कराने, एचकेआरएन कर्मचारियों को पक्का करने, कर्मचारियों का रिस्क अलाउंस लागू करने, कर्मचारियों को सुरक्षा प्रदान करने की भी मांगें उठाई गई हैं। इस धरने को यूनिट सचिव प्रमोद कुमार, जेई अशोक यादव, विनित शर्मा, जितेंद्र दांगी, सुरेंद्र सिंह, जितेंद्र चौधरी, चंद्रजीत, बलवान यादव सब यूनिट प्रधानों ने भी संबोधित किया। इस धरना प्रदर्शन में उपप्रधान राकेश याद, जितेंद्र, ललित, हैड क्लर्क महीपाल, ऑडिटर दिनेश सोनी, जेई प्रवीण, उपप्रधान रविंद्र, पंकज, अकाउंटेंट आशीष शर्मा, सचिव पवन सैनी, हैड क्लर्क सतेंद्र, कृष्ण यादव, हरिओम, एलएम अजय सोनी, एएफएम मनोज, एएफएम रामानंद, एएफएम सत्यपाल, एएफएम महीपाल, एएफएम भगवान दास, एएफएम राजेंद्र, एसएसए धर्मेंद्र, एएफएम नरेंद्र, एएलएम मनोज, एसए ईश्वर एवं एएलएम धर्मवीर आदि मौजूद रहे।

---



कनीना। कनीना में होली वाला जोहड़ का निरीक्षण करती नपा चेयरपर्सन डॉ. रिम्पी लोढा। फोटो : हरिभूमि

## स्वच्छता को अपनाकर नगर को चमकाने में जुटा नपा प्रशासन

**कनीना।** कनीना नगर को चकाचक करने के लिए नगर पालिका प्रशासन जुटा हुआ है। उनकी ओर से होली वाला जोहड़ का पानी निकासी का कार्य तेजी से किया जा रहा है वहीं सभी 14 वार्डों में समान रूप से स्वच्छता संबंधी कार्य जारी हैं। नगर पालिका की चेयरपर्सन डॉ रिम्पी लोढ़ा व सचिव कपिल कुमार ने बताया कि कनीना को साफ-सुथरा शहर बनाने के लिए सामूहिक रूप से हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने शुक्रवार को रेवाड़ी रोड की ओर होली वाला जोहड़ का निरीक्षण भी किया। सफाई अभियान के चलते उन्होंने आमजन को सफाई कर अलग-अलग रंग के डस्टबिन इस्तेमाल करने के लिए भी जागरूक किया। उन्होंने कहा कि शुक्रवार से शुरू किए जा रहे सुशासन सप्ताह के दौरान आमजन की सफाई के अलावा अन्य समस्याओं का निदान किया जाएगा। सुशासन सप्ताह आगामी 25 दिसंबर तक तक जारी रहेगा। इस दौरान आमजन को शहर की सुंदरता एवं पर्यावरण को सुरक्षित बनाए रखने के प्रयास किए जाएगें। सफाई के साथ-साथ पौधा रोपण , जल की स्वच्छता बनाए रखने पर भी फोकस किया जाएगा। डॉ रिम्पी लोढ़ा ने कहा कि सफाई व्यवस्था प्रभावित होने मच्छर जनित बीमारियों के पनपने का अंदेशा रहता है। जिन पर नियंत्रण पाने के लिए स्वच्छता की अहम भूमिका है।

---

### तीन दुकानों का ताला तोड़कर नकदी व सामान चुराया

**निजामपुर।** नांगल दुर्गू बस स्टैंड पर अज्ञात चोरों ने तीन दुकानों का ताला तोड़कर नकदी और सामान चुराया है। सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने मौका निरीक्षण किया तथा विभिन्न साक्ष्य जुटाए हैं। पीड़ितों की शिकायत के आधार पर आरोपितों की खोजबीन आरंभ कर दी है। नांगल दुर्गू बस स्टैंड पर मनोज कुमार ने धोबी, रामनिवास ने टी-स्टॉल तथा सुरेश कुमार ने मिष्ठान शॉप खोल रखी है। बीती रात करीब 10 बजे दुकान को बंद करके घर गए थे, लेकिन रात को अज्ञात चोर शटर का ताला तोड़कर दुकान में घुस गए। मनोज की दुकान से करीब 2000 नकद, सिलेंडर तथा अन्य उपयोगी सामान चुराया गया है। रामनिवास की दुकान में 2500 नकद तथा बीड़ी-सिगरेट के पैकेट गायब मिले हैं। सुरेश की दुकान में बैठकर चोरों ने मिठाई खाई हैं। मनोज व रामनिवास की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करके अज्ञात आरोपितों की खोजबीन आरंभ कर दी है।



निजामपुर। चोरी की वारदात के बाद दुकान में बिखरा पड़ा सामान। फोटो : हरिभूमि

---

पदमविभूषित स्वामी श्रीरामभद्राचार्य व पीठाधीश्वर तुलसीपीठ आएंगे

आर्यावर्त सेवा न्यास की ओर से 23 से 30 जनवरी तक सनातन, संस्कृति व साधना का होगा विराट संगम

# जोरासी श्रीश्याम मंदिर धाम पर होगा सनातन महासम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आर्यावर्त सेवा न्यास की ओर से 23 जनवरी से 30 जनवरी तक एक भव्य सनातन महासम्मेलन (151 कुंडिय सहस्त्र चंडी महायज्ञ एवं श्रीराम कथा) का आयोजन किया जा रहा है। यह महासम्मेलन भारत के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में से एक माना जा रहा है। 24 जनवरी से 30 जनवरी तक चलने वाली इस श्रीराम कथा का गुणगान सुप्रसिद्ध जगद्गुरु पदमविभूषित स्वामी श्रीरामभद्राचार्य, पीठाधीश्वर तुलसीपीठ (चित्रकुट) द्वारा अपने श्रीमुख से किया जाएगा।

वहीं 23 जनवरी को विशाल शोभा यात्रा का आयोजन होगा, जिसमें भव्य एवं आकर्षक झांकी रथों से सुसज्जित शोभा यात्रा, जिसमें ऊंट, घोड़े, हाथी तथा पारंपरिक बैंड की मनोहारी प्रस्तुतियां सम्मिलित होंगी। यह शहर के हुडा सेक्टर स्थित चमत्कारी बालाजी म ंदिर से सुबह नौ बजे शुरु होकर श्रीश्याम मंदिर जोरासी धाम पहुंचेगी।

इस आयोजन में तुलसीपीठ (चित्रकुट) के पीठाधीरश्वर पदमविभूषित जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य महाराज नारनौल में ही प्रवास करेंगे। इस एक सप्ताह तक आपके शहर नारनौल में भक्ति एवं आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।


इस भव्य महासम्मेलन का आयोजन आर्यवर्त सेवा न्यास द्वारा किया जा रहा है। इस विराट आयोजन के दृष्टि-सूत्रधार विनीत पिलानिया हैं, जिनके नेतृत्व में यह महासम्मेलन सनातन परंपरा की भव्यता और आधुनिक समय की चेतना को एक मंच पर लाने का प्रयास है। आयोजन का आध्यात्मिक मार्गदर्शन आनन्द भाष्य शेषमठ सिंघासनासीन, जगदगरु रामानंदाचार्य पद प्रतिष्ठित पश्चिम पीठाधीरश्वर अनन्त विभूषित श्रमद्जगद्गुरु स्वामी वैदेहीवल्लभदेवाचार्य महाराज के पावन सानिध्य में ज्योतिषाचार्य पं. सोमदत्त शर्मा द्वारा किया जा रहा है। उनके वैदिक ज्ञान और साधना के सान्निध्य में यह महासम्मेलन विशेष महत्व रखता है।




नारनौल। महासम्मेलन की जानकारी देते हुए।

### निशुल्क होगा रजिस्ट्रेशन बिना रजिस्ट्रेशन एंट्री नहीं

इस कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी कपिल भारद्वाज ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सीटिंग पास की व्यवस्था की गई है। जो कि श्रीराम कथा सुनने के लिए अनिवार्य होगा। श्रीराम कथा सुनने के लिए आपको वेबसाइट **www.aaryawart.com/ramkatha** पर जाकर अपना व अपने परिवार के सदस्यों का पंजीकरण करना होगा। उसके बाद आपको ऑनलाइन पास जारी कर दिया जाएगा। जोकि पूरी तरह से निशुल्क होगा। बिना पंजीकरण के किसी को भी पास जारी नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सात दिनों तक चलने वाली श्रीराम कथा को सुनने के लिए देश-विदेश से संत-महात्मा, अनेक बड़े राजनेता, उद्योगपति, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारीगण एवं अलग-अलग क्षेत्र के अनेक समाजसेवी भी कार्यक्रम में पहुंचेंगे।




# वॉर ड्रामा फिल्म इक्कीस में दिखी धर्मेंद्र की झलक

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा की फिल्म 'इक्कीस' अब इस साल रिलीज न होकर नए साल पर रिलीज हो रही है। 1 जनवरी 2026 को रिलीज होने वाली इस फिल्म का अब फाइनल ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज कर दिया गया है। फिल्म का ट्रेलर पहले भी आ चुका है, लेकिन अब ये फाइनल ट्रेलर आया है। 2 मिनट 11 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत जयदीप अहलावत की आवाज से होती है। जिसमें वो कहते हैं, 'उस धुएं और बारूद की बू आज भी याद है मुझे। हम तारीख बदलने वाले थे, लेकिन उस एक लड़के ने हमारी तकदीर ही बदल दी।' इसके बाद ट्रेलर में युद्ध के जबरदस्त सीन और गोलियों और बम के धमाकों की आवाजें सुनने व देखने को मिलती हैं। सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल के किरदार में अगस्त्य नंदा सेना की वर्दी में जचते हैं। ट्रेलर के अंत में धर्मेंद्र नजर आते हैं और बैकग्राउंड में 'जिंदगी एक सफर है सुहाना' गाना बजता है।

लाइफ Style

# राधिका मैं 16 घंटे काम नहीं कर सकती

राधिका आप्टे भी वर्किंग आवर को लेकर चल रही बहस में शामिल हो गई हैं। अब उन्होंने भी दीपिका पादुकोण की 8 घंटे की शिफ्ट की मांग पर सहमति जताते हुए अपनी बात रखी है। राधिका ने यहां तक कह दिया कि जब तक कि प्रोड्यूसर्स 12 घंटे की शिफ्ट से सहमत न हों वो काम नहीं कर पाएंगी। मां बनने के बाद दीपिका पादुकोण की 8 घंटे की शिफ्ट की डिमांड को लेकर लगातार चर्चा हो रही है और अब इस डिमांड में एक और फीमेल बॉलीवुड एक्ट्रेस शामिल हो गई हैं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

पिछले कुछ महीनों से मां बनने के बाद काम के घंटों की लेकर बहस ने जोर पकड़ रखी है। हाल ही में राधिका ने अपनी बेटी का पहला बर्थडे सेलिब्रेट किया है। महिला एक्ट्रेसेस खासकर न्यू मॉम्स के लिए काम के घंटों पर बहस पिछले कुछ महीनों से लगातार चल रही है। इसकी शुरुआत दीपिका पादुकोण की तरफ से कथित तौर पर संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'स्पिरिट ' से वर्किंग आवर को लेकर 8 घंटे की मांक से शुरू हुई, जिसके बाद खबर आई कि मेकर्स ने उन्हें फिल्म से आउट कर दिया। अब राधिका आप्टे ने इस मांग पर सहमति जताई और खुशी भी कि आखिरकार इस विषय पर बातचीत शुरू हो गई है। उन्होंने कहा, 'मैं तब तक काम नहीं कर पाऊंगी जब तक मेकर्स 12 घंटे की शिफ्ट के लिए सहमत नहीं हो जाते। 12 घंटे से मेरा मतलब है, पूरी शिफ्ट यानी जिसमें मेकअप और हेयर स्टाइल सब हो। वर्ना हम असल में 16 घंटे काम कर रहे होते हैं, क्योंकि तब आपको कम से कम 14 घंटे सेट पर रहना पड़ता है, जिसमें हेयर स्टाइल, मेकअप और शिफ्ट का कुछ और काम शामिल है। इसके बाद आपको कम से कम डेढ़ घंटे का ट्रैवल करना पड़ता है, चाहे आप कहीं से भी काम कर रहे हों।' राधिका ने कम के तय समय पर जोर देते हुए कहा कि आप 16 घंटे तक घर से दूर नहीं रह सकते, वरना आप अपने बच्चे को कभी देख ही नहीं पाएंगे।



हॉलीवुड मसाला



# धुरंधर के गाने पर झूमे निक जोनस

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड म्यूजिक की दीवानगी अब सिर्फ भारत तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसका जादू इंटरनेशनल भी साफ नजर आता है। हाल ही में नया मामला मशहूर सिंगर और प्रियंका चोपड़ा के पति निक जोनस और उनके भाई जो और केविन जोनस का है, जिन्होंने अपने कॉन्सर्ट से पहले जोश बढ़ाने के लिए एक हिंदी फिल्म का गाना चुना है। खास बात यह है कि यह गाना आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' का ट्रैक 'शरारत' है, जो इन दिनों दुनियाभर में सुर्खियां बटोर रहा है। निक जोनस ने हाल ही में अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह अपने भाइयों के साथ स्टेज पर जाने से पहले 'शरारत' गाने पर मस्ती करते नजर आ रहे हैं।



# कैप्टन अमेरिका के तौर पर वापसी करेंगे क्रिस

**लॉस एंजिल्स।** 'एवेंजर्सः डूम्स डे' का पहला टीजर जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतार-फायर एंड ऐश' के साथ थिएटर में दर्शकों को देखने को मिला। इस टीजर से दर्शकों को हिंट मिला है कि फिल्म में बतौर कैप्टन अमेरिका क्रिस इवांस की वापसी हो सकती है। एवेंजर्स सीरीज की अगली फिल्म 'एवेंजर्सः डूम्स डे' को लेकर दर्शक उत्साहित हैं। इसमें उनके लिए एक बड़ा सरप्राइज है। फिल्म का हाल ही में पहला टीजर रिलीज हुआ। जिसे देखकर दर्शकों को ऐसा लगा कि इसका हिस्सा क्रिस इवांस भी होंगे। वह कैप्टन अमेरिका के तौर पर इस फिल्म में वापस नजर आ सकते हैं। टीजर में एक खेत से सीन से शुरुआत होती है। इसमें फिल्म का एक अहम किरदार स्टीव अपने घर के बाहर मोटरसाइकिल चलता है और बैकग्राउंड में 'एवेंजर्स' थीम का पियानो वर्जन बज रहा होता है। स्टीव ने नीला हेलमेट पहना है, जो फैंस को कैप्टन अमेरिका (क्रिस इवास) के कॉस्ट्यूम की याद दिलाता है। स्टीव के हाथ में एक नवजात बच्चे भी है। इसके साथ ही टीजर खत्म हो जाता है।



# हैप्पी पटेल का ट्रेलर रिलीज, वीर पर भारी पड़े आमिर- इमरान

**मुंबई।** वीर दास की फिल्म 'हैप्पी पटेलः खतरनाक जासूस' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी यह फिल्म मजेदार लग रही है। 2 मिनट और 38 सेकेंड में इसमें कॉमेडी का भरपूर डोज है, जमकर गालियां हैं और एक बेवकूफ सीक्रेट एजेंट है, जो काम कम और गलतियां ज्यादा करता है। ट्रेलर की शुरुआत 'अल्फा मेल-अल्फा मेल' की गूंज से होती है, जो इसके हीरो और को-डायरेक्टर वीर दास के लिए है, लेकिन असल मजमा लूट ले जाते हैं आमिर खान और पर्दे पर 10 साल बाद कमबैक कर रहे उनके भांजे इमरान खान। ट्रेलर अपने पहले फ्रेम से ही यह साफ कर देता है कि यह फिल्म कोई स्पाई एक्शन थ्रिलर नहीं, बल्कि अपने हल्के-फुल्के अंदाज, अजीब किरदारों और कॉमिक ट्विस्ट से दर्शकों का मनोरंजन करने वाली है।



# वही पुरानी कहानी, फाइनल सीजन जैसा कुछ भी नहीं

**नई दिल्ली।** रिश्ते रहें ना रहें प्यार तो हमेशा रहता है। दोस्ती, रिलेशनशिप और प्यार की अहमियत को दिखाती चार लड़कियों की कहानी वाला शो 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' का चौथा सीजन शुक्रवार को रिलीज हो चुका है। ये सीरीज का फाइनल सीजन है। 2019 में शुरू हुई इस सीरीज के पहले और दूसरे सीजन को महिलाओं की कहानी और उनकी बोल्डनेस के चलते दर्शकों और क्रिटिक्स ने काफी पसंद किया था। हालांकि, तीसरा सीजन आते-आते कहानी कहीं न कहीं सिर्फ बोल्डनेस तक सीमित रह गई और नयापन खोने लगी। इस सीजन में सीरीज के फाइनल सीजन जैसा कुछ भी नया नहीं लगता है। पिछले तीन सीजन की तरह ही सीरीज प्यार रिलेशनशिप, एलजीबीटक्यू और दोस्ती को लेकर मैसेज देने का प्रयास करती है। जिसमे कहीं-कहीं सफल भी होती है।

टीवी मसाला



# 14 साल बाद टीवी पर लौटेंगे अक्षय होस्ट करेंगे व्हील ऑफ फॉर्च्यून शो

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार फिल्मों में लोगों को एंटरटेन करने के बाद अब 14 साल बाद टीवी पर गेम खिलाने के लिए आ रहे हैं। वो एमी अवॉर्ड विनर टीवी गेम शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' भारत में लेकर आ रहे हैं। अक्षय कुमार इस शो को होस्ट करेंगे। आठ बार एमी अवॉर्ड जीतने वाला अमेरिका का नंबर वन टेलीविजन गेम शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' अब भारत में सोनी टीवी और सोनी लिव पर प्रसारित होने के लिए तैयार है। अक्षय कुमार शो में बतौर होस्ट शामिल होंगे। सोनी टीवी की ओर से इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए बताया गया, 'दुनिया के सबसे बड़े टेलीविजन गेम शो ने भारत को नमस्ते कहा है।' इसके साथ ही मेकर्स ने ये भी स्पष्ट कर दिया है कि अक्षय कुमार इस शो को होस्ट करेंगे। हालांकि, अभी तक शो की रिलीज डेट और कंटेस्टेंट के नाम सामने नहीं आए हैं। इस गेम शो से जुड़ने पर अभिनेता अक्षय कुमार ने भी खुशी जाहिर की है। एक्टर ने कहा कि 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' दुनिया भर में लाखों लोगों का पसंदीदा शो रहा है। मैं इसके भारतीय संस्करण को यहां के दर्शकों के सामने पेश करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। कई पीढ़ियों से चली आ रही शो की लोकप्रियता और पहेलियां सुलझाने का रोमांच इसे दुनियाभर में लोकप्रिय बना चुका है। मुझे भरोसा है कि भारतीय दर्शक भी इसका भरपूर आनंद लेंगे।

## पलक झपकाने का नहीं मिलेगा मौका

नई दिल्ली। माधुरी दीक्षित की वेब सीरीज 'मिसेज देशपांडे' 19 दिसंबर को ओटीटी पर रिलीज हो गई है। इस क्राइम-थ्रिलर सीरीज के कुल 6 एपिसोड्स एक साथ रिलीज हुए हैं। हर कातिल कत्ल के पीछे कोई ना कोई सबूत छोड़ जाता है, लेकिन यहां माजरा थोड़ा उल्टा है। यहां कातिल बताकर जाता है कि मारने वाला वही था। इस सीरीज में पलक झपकाने का समय नहीं मिलेगा, क्योंकि हर पल कोई ना कोई नया मोड़ आ जाता है यानी ट्विस्ट और टर्न की भरमार के मामले में तो पूरे नंबर मिलने चाहिए। आखिर तक पता नहीं चल पाएगा कि आखिर कातिल है कौन। हर क्राइम-थ्रिलर की ही तरह ये सीरीज भी सस्पेंस और मर्डर मिस्ट्री की परतें एक-एक कर खोलती है। कहानी है एक सीरियल किलर की, जो मुंबई में एक के बाद एक कत्ल किए जा रहा है और हत्या करने का तरीका एक जैसा ही है। सभी को रस्सी से दम घोंटकर मारा जाता है। सीरीज की कहानी शुरु होती है ऐसे ही मुंबई में एक्टर विराट मल्होत्रा के कत्ल से। पुलिस कमिश्नर अरुण खत्री मौका-ए-वारदात पर पहुंचते हैं।




# सस्पेंस-थ्रिलर से लेकर कॉमेडी-रोमांस तक, इस वीकेंड ओटीटी पर लगा एंटरटेनमेंट का फुल तड़का

**नई दिल्ली।** अगर आप वीकेंड पर घर बैठे एंटरटेनमेंट का पूरा डोज लेना चाहते हैं, तो यह हफ्ता ओटीटी दर्शकों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। रोमांस, हॉरर-कॉमेडी, क्राइम थ्रिलर और डार्क ड्रामा- हर जॉनर को पसंद करने वालों के लिए इस बार कुछ न कुछ खास मौजूद है। दिसंबर के इस वीकेंड पर कुल 5 नई फिल्में और वेब सीरीज रिलीज हुई हैं, जो आपकी बिंज-वॉच लिस्ट को और लंबा करने वाली हैं।

### शुभचिंतक

गुजराती सिनेमा को एक नया और बोल्ड मोड़ देती है 'शुभचिंतक', जो 18 दिसंबर 2025 से शेमारू मी पर स्ट्रीम हो रही है। यह डार्क कॉमेडी-थ्रिलर एक ऐसे नौसिखिए की कहानी है, जो बदला लेने के लिए हनी-ट्रैप का सहारा लेता है। लेकिन जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, वह खुद नैतिक उलझनों और अप्रत्याशित हालात में फंस जाता है। सस्पेंस और डार्क कॉमेडी का यह मिश्रण दर्शकों को अंत तक बांधे रखने का दम रखता है।



### थामा

वहीं, मैडॉक फिल्म्स के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की पेशकश 'थामा' अब थिएटर के बाद ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। 16 दिसंबर 2025 से प्राइम वीडियो पर उपलब्ध यह फिल्म रोमांस और डर का दिलचस्प कॉम्बिनेशन पेश करती है। आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की जोड़ी के साथ फिल्म हल्के-फुल्के हास्य के बीच हॉरर का तड़का लगाती है, जो इस फ्रेंचाइजी के फैंस को खासा पसंद आने वाला है।

### एक दीवाने की दीवानियत

नेटफ्लिक्स पर 16 दिसंबर से स्ट्रीम हो रही 'एक दीवाने की दीवानियत' एक इंटेंस रोमांटिक ड्रामा है। कहानी एक ऐसे आशिक के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी मोहब्बत धीरे-धीरे जुनून में बदल जाती है। हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की केमिस्ट्री इस कहानी को और भी भावनात्मक बना देती है। यह सीरीज़ प्यार, पागलपन और पजेसिवनेस के बीच की महीन रेखा को दिखाती है।

### मिसेज देशपांडे

19 दिसंबर 2025 को जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई 'मिसेज देशपांडे' खासतौर पर माधुरी दीक्षित के फैंस के लिए बड़ी ट्रीट है। इस क्राइम थ्रिलर में वह एक सीरियल किलर के किरदार में नजर आती हैं, जो पुलिस को एक कॉपीकैट किलर पकड़ने में मदद करती है। फ्रेंच सीरीज ला मांते से प्रेरित यह शो सस्पेंस और साइकोलॉजिकल ट्विस्ट से भरपूर है।

# 3 इडियट्स की सीक्वल होगी 4 इडियट्स और चौथा एक्टर होगा तगड़ा सुपरस्टार!

मुंबई। आमिर खान की सुपरहिट फिल्म '3 इडियट्स' के सीक्वल की बात जोरों पर है। इन सबके बीच, फिल्म को लेकर नया अपडेट सामने आया है। इसका टाइटल '4 इडियट्स' हो सकता है और चौथे इडियट को ढूंढने के लिए मेकर्स जोर-शोर से जुटे हुए हैं। फिलहाल स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है और इसका टाइटल है 4 इडियट्स। हालांकि, यह टाइटल अभी बदला जा सकता है, मेकर्स इस फ्रेंचाइजी को इसकी पुरानी तिकड़ी से आगे बढ़ाने के लिए एक सुपरस्टार की तलाश में हैं। निर्माता चौथे इडियट की खोज में जुटे हैं, जो एक सुपरस्टार हो सकता है। लेखन का काम जारी है और टीम यह तय करने में लगी है कि यह और भी बड़ी और बेहतर हो और पहले पार्ट के अंत से आगे बढ़े। हालांकि, यह सिर्फ एक साधारण सिलसिला नहीं होगा, बल्कि इसमें नए एलिमेंट भी शामिल किए जाएंगे ताकि चौथे लीड स्टार को शामिल करना बेहतर साबित हो सके।



### एक कल्ट क्लासिक फिल्म बन गई 3 इडियट्स

*जहां उम्मीद है कि आमिर खान, आर. माधवन, शरमन जोशी और करीना कपूर खान से 2009 की ब्लॉकबस्टर फिल्म से अपने रोल्स को दोहराएंगे, वहीं चौथे इडियट को लेकर अटकलें जल्द ही सबके बीच आएंगी। '4 इडियट्स' केवल एक अस्थायी टाइटल है और बाद में इसमें बदलाव हो भी सकता है और नहीं भी। फिर भी, चौथे एक्टर को लेकर बातें जोरों पर हैं, जो संभवतः एक सुपरस्टार हो सकता है। 2009 में रिलीज हुई फिल्म '3 इडियट्स' एक कल्ट क्लासिक बन गई और इसने भारत की शिक्षा प्रणाली पर देशव्यापी बहस छेड़ दी। इस फिल्म ने 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली पहली भारतीय फिल्म बनकर इतिहास रच दिया और उस समय बॉलीवुड के लिए नए मानक स्थापित किया। इसके सीक्वल का निर्देशन राजकुमार हिरानी करेंगे।*

## अपनी अदाकारी से लोगों को कभी हंसाया तो कभी रुलाया

# अमिताभ की फिल्म में दद्दू के किरदार से मशहूर हुए ओम प्रकाश

एजेंसी ▶▶| मनई दिल्ली

ओम प्रकाश बॉलीवुड के ऐसे कलाकार हैं, जिन्होंने अपनी अदाकारी से लोगों को कभी हंसाया तो कभी रुलाया। उन्हें कैरेक्टर आर्टिस्ट के तौर पर भी याद किया जाता है। अपने कॅरियर में उन्होंने 300 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। वह जो भी किरदार निभाते थे, उसमें पूरी तरह से ढल जाते थे। अभिनेता के अलावा वह निर्माता भी थे।

### 12 साल की उम्र में संगीत सीखना किया शुरू

19 दिसंबर 1919 को जम्मू में जन्मे ओम प्रकाश का पूरा नाम ओम प्रकाश बख्शी था। उनकी शुरुआती पढ़ाई लाहौर में हुई जो अब पाकिस्तान में है। बचपन से ही उन्हें कला में दिलचस्पी थी। वह लगभग 12 साल के थे, जब उन्होंने शास्त्रीय संगीत की शिक्षा लेनी शुरू की। साल 1937 में उन्होंने 'ऑल इंडिया रेडियो' में काम करना शुरू किया। उनके प्रोग्राम 'फतेहदीन' को काफी सराहना मिली।

### शादी की दावत में मिला फिल्म का ऑफर

सिनेमा में आने की ओम प्रकाश की कहानी दिलचस्प है। वह अपने दोस्त की शादी में गए थे। वहां दलसुख पंचोली ने उन्हें देखा और लाहौर बुलाया। इसके बाद उन्हें फिल्म 'दासी' 1950 में काम करने का मौका दिया। यह उनकी पहली बोलती फिल्म थी।



### आखिरी वक्त

ओम प्रकाश अपने आखिरी वक्त में बीमार हो गए थे। दिल का दौरा पड़ने की वजह से उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत ज्यादा खराब होने पर वह कोमा में चले गए थे। 21 फरवरी, 1998 को उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया।

### इन फिल्मों में की बेहतरीन अदाकारी

'दासी' के बाद उन्हें कई बेहतरीन फिल्में मिलीं। उन्होंने हिंदी सिनेमा के कई बड़े अभिनेताओं के साथ काम किया और अपने अभिनय का लोहा मनवाया। उन्होंने जूली, पड़ोसन, दस लाख, बैराग, चुपके-चुपके, नमक हलाल, शराबी, खानदान, प्यार किए जा, चौकीदार, आंधी, लावारिस, लोफर और जंजीर जैसी बेहतरीन फिल्मों में काम किया। उनकी आखिरी फिल्म 'नौकर बीवी का' (1983) है।

### बिग बी के साथ की शानदार अदाकारी

ओम प्रकाश को सबसे ज्यादा पहचान अमिताभ बच्चन की दो फिल्मों से मिली। फिल्म नमक हलाल में ओम प्रकाश ने दद्दू का किरदार निभाया। इस किरदार को आज भी याद किया जाता है। इसके अलावा उन्होंने फिल्म शराबी में मुंशीलाल का किरदार निभाया, जिसे आज भी लोग सराहते हैं।

### 60 के दशक में प्रोड्यूस की फिल्में

ओम प्रकाश एक बेहतरीन एक्टर होने के साथ-साथ एक बेहतरीन निर्माता भी थे। 60 के दशक में उन्होंने अपनी प्रोडक्शन कंपनी बनाई। इसके तहत उन्होंने भैयाजी, चाचा जिंदाबाद, गेटवे ऑफ इंडिया और संजोग जैसी फिल्में बनाईं। ओम प्रकाश ने फिल्म कन्हैया' का निर्माण किया था। इसमें राज कपूर और नूतन ने अभिनय किया था।

### दिलचस्प है लव लाइफ

ओम प्रकाश की लव लाइफ दिलचस्प, लेकिन अधूरी है। एक इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया कि उन्हें एक सिख लड़की से प्यार हो गया था। हालांकि, लड़की के घरवाले उनके खिलाफ थे, क्योंकि वह हिंदू थे। उनकी मां लड़की के घर पर शादी का प्रस्ताव लेकर गई थीं, लेकिन उनके घरवाले नहीं मानें। इसके बाद उन्होंने अलग होने का फैसला किया।

### बोवलेल बिजली सप्लाई को आठ से बढ़ाकर 10 घंटे करने का आग्रह

## नांगल सोडा और हमीदपुर को अंडरपास सुविधा देने की मांग

### दत्ताल-गहली में अंडरपास की स्वीकृति पर सांसद धर्मबीर का जताया आभार

नांगल चौधरी हलके के 80 फीसदी परिवार फैमिली आइडी की मनमानी इनकम से परेशान, गरीब परिवार और विधवा महिलाओं की विभागीय सुविधाएं हुई बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

नांगल चौधरी हलके की विधायक मंजू चौधरी ने विधानसभा में विभिन्न गांवों में अंडरपास, बिजली किल्लत तथा फैमिली आइडी की समस्या का उठाया। उन्होंने नांगल सोडा तथा हमीदपुर के पास हाइवे पर अंडरपास निर्माण कराने का सुझाव दिया। बोवलेल बिजली सप्लाई को आठ से बढ़ाकर 10 घंटे करने का आग्रह किया है। सदन में उन्होंने दत्ताल और गहली गांव में अंडरपास निर्माण स्वीकृत होने पर सांसद चौ. धर्मबीर का आभार जताया है।

उन्होंने कहा कि नांगल चौधरी हलके में हाइवे 148 बी तथा एनएचआइए-11 पर विभिन्न गांवों को अंडरपास उपलब्ध कराया है। लेकिन कई ऐसे गांव रह गए जिनकी कृषि भूमि हाइवे के उस पार तथा आवासीय मकान इधर रह गए। जमीन की जुताई करने या चारा लेने के लिए ग्रामीणों को कई किलोमीटर के चक्कर लगाने पड़ते हैं।

बीते दिनों भिवानी-महेंद्रगढ़ के सांसद चौ. धर्मबीर सिंह के प्रयासों से दत्ताल व गहली के लिए अंडरपास निर्माण स्वीकृत हो गया है। लेकिन हमीदपुर और नांगल सोडा के ग्रामीणों की समस्या यथावत बनी है जिसका निवारण अंडरपास निर्माण से ही संभव हो पाएगा। उन्होंने सीएम नायब सिंह सैनी से भी चिन्हित गांवों के लिए अंडरपास स्वीकृत करवाने का आग्रह किया है।

#### किसानों को पर्याप्त बिजली उपलब्ध नहीं

नांगल चौधरी हलके में सरसों व गेंहू की सिंचाई चल रही है लेकिन नलवाटी, गुर्जरवाटी, दोहान पच्चीसी तथा भुंगारका से लेकर गोठड़ी, रायमलिकपुर व दौंखेरा तक किसानों को पर्याप्त बिजली उपलब्ध नहीं। ऐसे में किसानों को फसल सूखने की चिंता सताने लगी है, उन्होंने सदन की मार्फत सरकार ने बोरवेलों की बिजली सप्लाई को 8 से बढ़ाकर 10 घंटे करने की गुहार लगाई है। उन्होंने सदन में नपा की अवैध कालोनियों को स्थाई करने का मामला भी उछाला। कहा कि कई सालों से बसी हुई कॉलोनियां भी अवैध रहना दुर्भाग्यपूर्ण है। बाइपास कॉलोनी, जगदंबा, तारानगर समेत कई कॉलोनियों को अवैध श्रेणी में रखा हुआ हैं, जहां लोगों को बिजली-पानी व सड़क निर्माण की समस्या से जूझ रहे हैं। उन्होंने सरकार ने तत्परता पूर्वक सर्वे करवाकर सभी कॉलोनियों को वैध करने का आग्रह किया है।

#### नांगल चौधरी के 80 फीसदी परिवार फैमिली आइडी की त्रुटियों से परेशान



विधायक मंजू चौधरी ने सदन को बताया कि नांगल चौधरी हलके में फैमिली आइडी की त्रुटियां 80 फीसदी परिवारों के लिए मुसीबत बनी हुई हैं। विधवा व गरीब परिवार जिनमें इनकम के कोई स्रोत नहीं बावजूद उनकी इनकम को 3-4 लाख कर दिया। जिस कारण पात्र परिवार भी राशन व अन्य सुविधाओं से वंचित हो गए। उन्होंने सदन से गांव वाइज कैंप लगाकर पीपीपी की त्रुटियों को दुरुस्त करने की गुहार लगाई है।




नारनौल। कार्यक्रम में संबोधित करती पैनल अधिवक्ता गिरिबाला यादव। फोटो : हरिभूमि

## छिलरो कॉलेज में नशा मुक्ति जागरूकता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ निजामपुर

जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष नरेंद्र सूरा के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी के मार्गदर्शन में शुक्रवार राजकीय महाविद्यालय छिलरों में नशे से जंग, महेंद्रगढ़ के संग नालसा (डॉन ) योजना 2025 तथा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पैनल अधिवक्ता गिरिबाला यादव ने की।

पैनल अधिवक्ता गिरिबाला यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान नशे के विरुद्ध जन आंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। इसका मुख्य लक्ष्य नागरिकों, विशेषकर युवाओं को नशे के दुष्परिणामों एवं उससे होने वाले शारीरिक, मानसिक व सामाजिक नुकसान के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की हेल्पलाइन 01282-250322 पर वहीं नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के माध्यम से भी सहायता प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। इस मौके पर डॉ नीरज यादव, पीएलवी अशोक, कॉलेज स्टाफ और विद्यार्थी मौजूद रहें।

#### नई शुरुआत

उन्होंने कहा कि कॉलेज जीवन सपनों की नींव रखने का समय होता है, लेकिन गलत संगत और नशा इन सपनों को तोड़ने का सबसे बड़ा कारण बनता जा रहा है। साथ ही समाज को प्रेरित करने हेतु उन नागरिकों की सकारात्मक कहानियां भी साझा की गईं, जिन्होंने नशा छोड़कर जीवन में नई शुरुआत की है। नशे की गिरफ्त में आए युवाओं को पुनः मुख्यधारा से जोड़ने के लिए जिले में उपलब्ध पुनर्वास सेवाओं की जानकारी दी ।



### नपा प्रधान ने उपलब्ध कराई प्रोटीन युक्त डाइट किट

**कनीना।** टीबी को जड़ मूल से समाप्त करने के मकसद से विभिन्न सामाजिक संगठनों व समाज के प्रबुद्धजनों की ओर से टीबी मरीजों को गोद लिया हुआ है। जिन्हें प्रतिमाह प्रोटीन युक्त डाइट किट प्रदान की जा रही है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार की ओर से क्षय रोग उन्मूलन को लेकर तेजी से सामूहिक रूप से प्रयास किए जा रहे हैं। चेयरपर्सन डॉ रिम्पी लोढा की ओर से इस अभियान में पूरा सहयोग किया जा रहा है। ऐसे चिन्हित व्यक्तियों को पोषणयुक्त डाइट किट प्रदान की जा रही है। शुक्रवार को उन्होंने दो जरूरतमंद व्यक्तियों को पोषण किट प्रदान करते हुए कहा कि क्षय रोगियों के स्वास्थ्य को ठीक कर जल्द ही उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल किया जाएगा।

### कल खड़खड़ी में लगेगा मुफ्त मेडिकल कैंप

**नारनौल।** धार्मिक व सामाजिक संस्था राधाकृष्ण प्रभात फेरी संगठन की ओर 21 दिसंबर को एक मुफ्त मेडिकल कैंप का आयोजन मोहल्ला खड़खड़ी स्थित आर्य समाज मंदिर में किया जाएगा। संगठन सदस्य विजय जिंदल व विनय मित्तल ने बताया कि प्रातः 10 बजे से एक तक आयोजित इस कार्यक्रम में संवेदना हॉस्पिटल के तत्वाधान में फिजिशियन एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेंद्र मित्तल, स्त्री प्रस्तुति एवं की संतान रोग विशेषज्ञ डॉ. मेघा मित्तल, हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. अचल मित्तल, ग्लूकोमा सर्जन डॉ. विशाल निगम, डॉ. मुकेश गोयल अपनी सेवाएं देंगे।

## परोपकार ही मानव जीवन का आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

राजकीय उच्च विद्यालय बापड़ोली में जिला परियोजना संयोजक अधिकारी अशोक शर्मा की मौजूदगी में स्कूल के सभी विद्यार्थियों को समाजसेवी देवेंद्र कुमार रघुनाथपुरा व बिमला देवी पत्नी रामौतार अटेली मंडी ने संयुक्त रूप से स्वेटर वितरित किए। जिला परियोजना संयोजक अधिकारी अशोक शर्मा ने कहा कि जीवन को सार्थक बनाने के लिए पूंजी जमा करने की नहीं, बल्कि परोपकार और मानवीय भलाई में योगदान करने से मानव जीवन सार्थक होता है। मुख्य अध्यापक अरविंद कुमार ने आए हुए सभी आगंतुकों का स्वागत किया और विद्यालय में स्वेटर वितरण के लिए धन्यवाद किया। समाजसेवी देवेंद्र कुमार ने कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल का भविष्य हैं। किसी भी राष्ट्र की प्रगति, संस्कृति और स्थिरता उसकी युवा पीढ़ी की शिक्षा और संस्कारों पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि ठंड के कारण किसी भी बच्चे की पढ़ाई में बाधा न आए, इसी उद्देश्य आज विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए गए हैं। इस अवसर पर सरपंच राकेश कुमार बापड़ोली, पूर्व सरपंच राजेंद्र यादव रघुनाथपुरा, नरेश यादव, परमिंद्र, मोनू, पुष्पेंद्र, सुनील ग्रेवाल, बलवान ग्रेवाल, दीनबंधु व समस्त स्कूल स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन को आयुष पद्धति से स्वास्थ्य लाभ देनाः डा. शशिबाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल




नारनौल। शिविर में मरीजों को उपचार प्रदान करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जिला आयुर्वेद अधिकारी के निर्देशानुसार एक निःशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन नागरिक अस्पताल में किया गया। इस बारे जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शशिबाला ने बताया कि यह निःशुल्क शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन को आयुष पद्धति से स्वास्थ्य लाभ देना है। उन्होंने बताया कि अब हेमंत ऋतु में सभी को खान-पान का विशेष ध्यान रखना चाहिए। इस ऋतु में भारी पदार्थ जैसे मोटे अनाज, बाजरा और रागी का प्रयोग करना चाहिए, जिससे शरीर में कैल्शियम व आयरन की पूर्ति हो सके। उन्होंने बताया कि इस ऋतु में हमारी पाचन क्षमता ज्यादा होती है। इसलिए लघु आहार का सेवन नहीं करना चाहिए और पीने के लिए गर्म जल का सेवन करना चाहिए। शरीर पर तेल की मालिश करनी चाहिए और सुबह व्यायाम का सेवन करना चाहिए। दिन में सोने का त्याग करना चाहिए। इस शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. भूपेंद्र कुमार ने बताया कि इस शिविर में डॉ. पुष्पेंद्र द्वारा मरीजों का होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति द्वारा निःशुल्क उपचार एवं परामर्श दिया गया। डॉ. मीनाक्षी द्वारा पंचकर्म पद्धति द्वारा मरीजों का जैसे अभ्यंग संवेदन द्वारा निःशुल्क उपचार किया गया।

#### ये रहे मौजूद

इस शिविर में आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट अशोक कुमार एवं होम्योपैथिक फार्मासिस्ट राजकुमार, पंचकर्म थैरेपिस्ट अनूप एवं पंचकर्म प्रवेश सलमा, किचन सहायक संदीप एवं सहायक राकेश और विशाल आदि कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### डॉ. श्याम सुन्दर की चौथी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम 23 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



क्षेत्र के प्रतिष्ठित समाजसेवी स्व. डॉ. श्याम सुन्दर शर्मा की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर 23 दिसंबर, मंगलवार को श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम पुलिस स्टेशन अटेली मण्डी के समीप स्थित उनके निवास स्थान पर संपन्न होगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पवन बाछौदिया, राष्ट्रीय अध्यक्ष जनसेवा मण्डल ने बताया कि श्रद्धांजलि कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 9:15 बजे हवन के साथ होगी। इसमें परिवारजन, शुभचिंतक एवं क्षेत्रवासी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करेंगे। इसके उपरांत प्रातः 11:15 बजे प्रसाद का आयोजन किया जाएगा। पवन बाछौदिया ने बताया कि स्व. डॉ. श्याम सुन्दर शर्मा ने अपने जीवनकाल में समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। सामाजिक कार्यों के प्रति उनकी सक्रिय भूमिका के कारण वे क्षेत्रवासियों के बीच सदैव स्मरणीय रहेंगे। उन्होंने लोगों की सेवा को ही अपना जीवन लक्ष्य बनाया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित होकर उन्हें नमन करने हेतु क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों एवं आमजन को सादर आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम के आयोजक जेएमआरआरसी के निदेशक दीपक शर्मा, जनसेवा मण्डल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन बाछौदिया एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा हैं।

### आईटीआई में पंच प्रण पर प्रतियोगिता आयोजित

**नारनौल।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की ओर से शुक्रवार को पंच प्रण पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्थान के प्रधानाचार्य विनोद कुमार खनगवाल रहे। विशिष्ट अतिथि वर्ग अनुदेशक जगदीश सैनी रहे। युवा मामलों के नोडल अधिकारी व संस्थान के एनसीसी प्रभारी मेजर वीरेंद्र कुमार सेकवाल ने पंच प्रण पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है जिसके लिए पंच प्रण को अपनाना है। इस अवसर पर पंच प्रण पर प्रतियोगिता आयोजित करवाई और प्रथम स्थान विजेता को 1100, द्वितीय को 750 व तृतीय को 500 रुपये इनाम राशि दी गई। मंच संचालन शक्ति यादव ने किया। इस मौके पर कार्यालय अधीक्षक सत्यनारायण जांगड़ा, वर्ग अनुदेशक सुनील कोसलिया, अमित, अनुदेशक जयप्रकाश, डॉ अमित, दिनेश जांगड़ा इत्यादि सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### बचाव ही एड्स का एकमात्र उपाय : दिनेश

## एड्स व नशे पर जागरूकता के लिए संगोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। कार्यक्रम में संबोधित करते दिनेश शर्मा व विनोद कुमार खनगवाल।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में शुक्रवार एड्स और नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए एक संगोष्ठी का आयोजन किया। इस मौके पर पेंटिंग व कविता प्रतियोगिता का भी आयोजन किया। नागरिक अस्पताल से दिनेश शर्मा ने एड्स व नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि एड्स असुरक्षित यौन संबंधों से, मां से बच्चे को, एक सीरिंज का बार-बार प्रयोग करने से व संक्रमित व्यक्ति के खून का उपयोग करने से फैलता है। बचाव ही इसका एकमात्र उपाय है। उन्होंने कहा कि आजकल युवा अधिक से अधिक नशे की तरफ अग्रसर हो रहे हैं जिससे उनका भविष्य अंधकार में जा रहा है। बच्चों को सभी प्रकार के नशे से दूर रहना चाहिए। इस दौरान संस्थान के प्रधानाचार्य विनोद कुमार खनगवाल ने भी नशे की लत पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जो भी नशे की लत से ग्रस्त है वह न केवल आर्थिक व सामाजिक हानियां कर रहे हैं बल्कि अपने मां-बाप के उम्मीद व सपनों को चकनाचूर कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने व समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मंच संचालन संस्थान के एनसीसी प्रभारी मेजर वीरेंद्र कुमार सेकवाल ने किया। इस मौके पर संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों ने एड्स व नशे के बारे में जागरूकता रैली निकाली।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर कार्यालय अधीक्षक सत्यनारायण जांगड़ा, वर्ग अनुदेशक सुनील कोसलिया, जगदीश, गुरदयाल, राजेश, अमित, अनुदेशक शक्ति यादव, हरीश दहिया, मनोज यादव सहित समस्त स्टाफ मौजूद था।

**PUBLIC NOTICE**

I Rajesh Devi w/o Sanjay R/o Village Lehroda Teh. Narnaul Distt. Mahendergarh Haryana declare that my name has been mentioned as Rajesh Kumari in my School Record and Rajesh Devi in my Adhar Card after marriage. both the Rajesh kumari & Rajesh Devi are same person.

**Govt Senior Secondary School, Sehore (Mahendergarh)**

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि GSSS Sehore (3977) खण्ड कनीना जिला महेन्द्रगढ़ के प्रांगण में दिनांक 29/12/2025 सोमवार को 7 जर्जर कमरों की नीलामी होनी है। अत: इच्छुक बोली दाता नीलामी से एक दिन पहले तक 7 जर्जर कमरों का अवलोकन कर सकते हैं। अन्य समस्त शर्तें नीलामी के समय सुबह 11:00 बजे स्कूल प्रांगण में बता दी जायेगी।

मुख्य प्राचार्य
GSSS Sehore (3977)
मो. 9671213344

बैठक | संगठनात्मक अनुशासन, समर्पण और सेवा भाव के साथ कार्य करने पर विशेष बल दिया

## प्रदेश संगठन महामंत्री ने जिले के चारों विधानसभा के शक्ति केंद्र प्रमुखों की बैठक ली, सिखाए संगठन के गुर

### भाजपा की संगठनात्मक मजबूती का आधार बूथ और शक्ति केंद्र हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिला महेंद्रगढ़ में भारतीय जनता पार्टी द्वारा शक्ति केंद्र प्रमुखों की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन शुक्रवार किया गया। यह बैठक ज़िले की चारों विधानसभा—अटेली, नारनौल, महेंद्रगढ़ एवं नांगल चौधरी—के शक्ति केंद्र प्रमुखों को संबोधित करने हेतु चारों जगह आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य संगठन को और अधिक सशक्त व सक्रिय बनाना रहा। बैठक के मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री फणींद्रनाथ शर्मा रहे। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की संगठनात्मक मजबूती का आधार बूथ और शक्ति केंद्र हैं। प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रियता ही पार्टी की चुनावी एवं वैचारिक सफलता सुनिश्चित करती है। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने तथा संगठनात्मक अनुशासन, समर्पण और सेवा भाव के साथ कार्य करने पर विशेष बल दिया। हमें विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए व देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी अपनाने पर ज़ोर देना चाहिए। भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है तथा हर कार्यकर्ता को अपने बूथ को सुदृढ़ करने का काम करना चाहिए। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. यतेंद्र राव ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि महेंद्रगढ़ ज़िले का संगठन निरंतर मजबूती की दिशा में आगे बढ़ रहा है और शक्ति केंद्र प्रमुखों की भूमिका इसमें अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की रीति-नीति और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभाएँ। उन्होंने कहा कि ज़िला महेंद्रगढ़ के कार्यकर्ता प्रदेश द्वारा दिए गए संगठन के कार्यों को बढ़ चढ़कर करते हैं। बैठक में भाजपा ज़िला प्रभारी शंकर धूपड विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने संगठनात्मक विषयों पर मार्गदर्शन देते हुए आगामी कार्यक्रमों एवं रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की।



नारनौल। बैठक में मौजूद भाजपा सदस्य। फोटो :हरिभूमि

#### इनकी रही सहभागिता

विधानसभा अनुसार अलग अलग बैठकों में पूर्व मंत्री डॉ अभय सिंह, प्रदेश पैनलिस्ट राकेश शर्मा, जिला प्रमुख डॉ राकेश कुमार, पूर्व जिलाध्यक्ष अजीत सिंह, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष भारती सैनी, मार्केट कमेटी चेयरमैन भागीरथ मल, दिनेश, जयप्रकाश, जिला महामंत्री योगेश शास्त्री एवं श्री किशन लाल, जिला उपाध्यक्ष शिवरतन यादव, पूरण चंद, सुरेश शर्मा, सुगन चंद, एससी मोर्चा अध्यक्ष कर्मवीर खिची, सभी मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी एवं सभी शक्ति केंद्र प्रमुखों की सक्रिय सहभागिता रही। अंत में संगठन की मजबूती, बूथ स्तर पर संपर्क अभियान और आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा के साथ बैठक का समापन हुआ।

**खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, महेन्द्रगढ़**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि खण्ड महेन्द्रगढ़ की ग्राम पंचायत निम्भेड़ा में 01 (एक) पद पर ग्रामीण सफाई कर्मचारी नियुक्ति करने के लिए आवेदन आमन्त्रित है। आवेदक स्त्री या पुरुष कोई भी हो सकता है। शारीरिक रूप से कार्य समर्थ एवं स्वस्थ होना चाहिए तथा उसकी आयु 18 से 55 वर्ष होनी चाहिए व आवेदनकर्ता गांव का स्थायी निवासी होना चाहिए। वह किसी भी कार्य दिवस में खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, महेन्द्रगढ़ कार्यालय में लेखाकार से आवेदन पत्र प्राप्त करके दिनांक 22.12.2025 से 29.12.2025 तक कार्य दिवस में (कार्यालय समय सुबह 09:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक) जमा करवा सकते है। उक्त पद पर चयन उपरान्त हरियाणा सरकार द्वारा निर्धारित दरों अनुसार मानदेय प्रदान किया जायेगा।

हस्ता/- खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, महेन्द्रगढ़।

**The Mohindergarh District Cooperative Labour & Construction Fed- Ltd- Narnaul**

**चुनाव सूचना**

दी महेन्द्रगढ़ जिला सहकारी श्रम एवं निर्माण प्रसंघ लि० नारनौल के सभी अंशधारकों को सूचित किया जाता है कि प्रसंघ के वर्तमान निदेशक मण्डल का कार्यकाल दिनांक 18–02–2026 को समाप्त होने जा रहा है । प्रसंघ के अगले निदेशक मण्डल के चुनाव हेतू प्रसंघ की जोनल कमेटी ने दिनांक 19–12–2025 को अपनी बैठक में प्रस्तावित जोनल सूचियों को प्रयोगात्मक रूप से अनुमोदित कर दिया है । इन सूचियों को दिनांक 22.12.2025 से 05.01.2026 तक निम्न स्थानों पर प्रदर्शित किया जा रहा है :–

1. उप रजिस्ट्रार ,सहकारी समितियाँ, भिवानी कार्यालय
2. सहायक रजिस्ट्रार, सहकारी समितियाँ, नारनौल व महेन्द्रगढ़ कार्यालय
3. दी महेन्द्रगढ़ केन्द्रीय सहकारी बैंक लि० महेन्द्रगढ़ व शाखा नारनौल में
4. प्रसंघ के हाऊसिंग बोर्ड नारनौल में स्थित कार्यालय में

यदि किसी अंशधारक समिति को इन प्रयोगात्मक रूप से अनुमोदित जोनल सूचियों के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 05.01.2026 तक प्रबन्धक प्रसंघ को अपने ऐतराज लिखित रूप में प्रस्तुत करें । इसके बाद दिनांक 06.01.2026 को जोनल कमेटी द्वारा सांय दो बजे एतराजों पर विचार कर निपटारा किया जायेगा । उसके बाद अन्तिम रूप से जोनल सूचियों को अनुमोदित कर एक जोन अनुसूचित जाति, दो जोन महिला वर्ग व एक जोन पिछड़ा वर्ग के लिए ड्रा द्वारा आरक्षित किया जावेगा ।

## खबर संक्षेप



### विभागों ने विशेष शिविर लगाकर दी सेवाएं

**नारनौल।** प्रशासनिक कार्यप्रणाली को और अधिक चुस्त-दुरुस्त और जन-हितैषी बनाने के संकल्प के साथ आज पांचवें सुशासन सप्ताह-2025 की विधिवत शुरुआत हुई। प्रशासन गांव की ओर नाम से शुरू हुआ यह अभियान 25 दिसंबर तक चलेगा। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग तथा प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग की सचिव रचना शाह ने वर्चुअल माध्यम से इस राष्ट्रीय अभियान की लांचिंग की। इस दौरान देशभर के मुख्य सचिव तथा उपायुक्त जुड़े रहे। जिला महेंद्रगढ़ की तरफ से उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े रहे। इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य में सुशासन सप्ताह मनाया जाता है।

### शिकायत निवारण और सेवा शिविरों का आयोजन

**नारनौल।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से 19 से 25 दिसंबर तक मनाए जा रहे प्रशासन गांव की ओर सुशासन सप्ताह के तहत शुक्रवार जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं, सीएचसी, पीएचसी, उप नागरिक अस्पताल व नागरिक अस्पताल में विशेष शिकायत निवारण एवं सेवा शिविरों का आयोजन किया। सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार ने बताया कि इस दौरान विशेष शिकायत निवारण एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सीएम विंडो, ट्वीटर शिकायत, सीपीग्रामस शिकायत, ऑटो अपील सिस्टम, राइट टु सर्विस, आयुष्मान भारत सहित एनसीडी टीम द्वारा विशेष जांच शिविर लगाएं जा रहे हैं।

### 25 को होगा रोजगार मेले का आयोजन

**नारनौल।** प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की ओर से आत्मनिर्भर भारत अभियान की निरंतरता में युवाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए भव्य रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ संजय शर्मा एवं ट्रस्टी डॉ जितेन्द्र भारद्वाज ने बताया कि यह रोजगार मेला 25 दिसंबर को प्रातः 10 बजे बस स्टैंड के पास यादव धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा। मेले में आईटीआई डिप्लोमा होल्डर, पॉलिटेक्निक डिप्लोमा धारक, दसवीं से स्नातक तक शिक्षित, ट्रेंड एवं अनट्रेंड युवा भाग ले सकेंगे।

### आवेदन प्रक्रिया जारी अंतिम तिथि 1 जनवरी

**नारनौल।** सैनी सभा की ओर से समाज के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से आजीवन सदस्यता हेतु आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। सैनी सभा नारनौल के महासचिव निहाल सैनी ने बताया कि सभा का उद्देश्य समाज को एकजुट, संगठित एवं सशक्त बनाना है, जिसके लिए अधिक से अधिक समाज बंधुओं की सहभागिता आवश्यक है। महासचिव निहाल सैनी ने बताया कि जो भी समाज के सम्माननीय बंधु सैनी सभा की आजीवन सदस्यता ग्रहण करना चाहते हैं, वे पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड की प्रति सहित निर्धारित आवेदन–फॉर्म सैनी सभा कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

### सरकार दिलाएगी स्वदेशी उत्पादों को वैश्विक पहचान

**नारनौल।** प्रधानमंत्री के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के विजन को धरातल पर उतारने और स्वदेशी उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार द्वारा एक नई शुरुआत की गई है। प्रदेश सरकार द्वारा पंचकूला के सेक्टर-5 स्थित परेड ग्राउंड में स्वदेशी महोत्सव-2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि 19 से 28 दिसंबर 2025 तक चलने वाला यह महोत्सव हरियाणा की समृद्ध परंपराओं, स्वदेशी विचारों और आधुनिक उद्यमिता के संगम के रूप में उभर कर सामने आएगा।

# पीएमश्री स्कूल की छात्रा अनिता के कृषि विकास मॉडल को प्रदेश में मिला प्रथम स्थान, शिक्षक स्टाफ ने किया सम्मानित

व्यवसायिक इंडस्ट्रीज के वेस्ट कचरे को पौषक खाद में परिवर्तित करने की तकनीक से पैदावार बढ़ाने पर किया फोकस, छोटे किसानों को आत्म निर्भर बनने में मिलेगी मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭नांगल चौधरी

पीएमश्री गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा अनिता कुमारी के कृषि विकास मॉडल को प्रदेश में प्रथम स्थान मिला है। मेधावी छात्रा के स्कूल पहुंचने में शिक्षक स्टॉफ ने प्राचार्य डॉ दिनेश कुमार की अगुवाई में अभिनंदन किया तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया है। इस दौरान इसरो का भ्रमण करने वाली छात्राओं को भी प्रशंसा पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया है। कार्यक्रम में छात्राओं को प्रतिभा निखारने के लिए प्रेरित किया गया है।

### ब्लॉक लेवल पर साइंस मॉडल प्रतियोगिता कराई गई थी

प्राचार्य ने बताया कि विद्यार्थियों को तकनीकी प्रतिभा निखारने के मकसद से बीते महीने ब्लॉक लेवल पर साईंस मॉडल प्रतियोगिता कराई गई थी। स्पर्धा में पीएमश्री गर्ल्स स्कूल की छात्रा ने एग्रीकल्चर फार्मिगं पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किया था, जिसे तृतीय स्थान मिलने पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल किया गया था। इस स्पर्धा में करीब आठ स्कूलों की 40 से अधिक छात्राएं शामिल हुई और वर्तमान डिमांड के अनुसार साईंस मॉडल प्रस्तुत किए थे। जिनमें छात्रा अनिता कुमारी के मॉडल को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसके बाद 18 दिसंबर को कुरुक्षेत्र में स्टेट स्तरीय साईंस मॉडल प्रतियोगिता कराई गई जिसमें 22 जिलों की स्कूलों के प्रतिभागी उपस्थित रहे हैं। छात्रा अनिता ने विकसित कृषि पर आधारित मॉडल बनाया, जिसकी तकनीक से किसानों को व्यवसायिक संस्थानों के वेस्ट कचरे को पौषक खाद में परिवर्तित करने के टिप्स दिए। उन्होंने तर्क दिया कि जमीन को करीब 17 पौषक तत्वों की जरूरत होती है, एक भी तत्व कम या ज्यादा हुआ तो पैदावार प्रभावित होने लगेगी। रसायनिक खादों में चुनिंदा खनिज होते हैं जिनके अंधाधुंध इस्तेमाल से जमीन को बंजर होने का खतरा बढ़ गया है। छात्रा ने मॉडल के जरिए तर्क दिया कि कचरे को पौषक खाद में परिवर्तित करने में कोई बजट की जरूरत नहीं, केवल शारीरिक परिश्रम से खेत को उपजाऊ बनाकर पैदावार को बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस तकनीक से छोटे किसान अधिक लाभावित हो सकेंगे। स्कूल की चार छात्राओं को मैरिट के आधार पर इसरो भ्रमण का अवसर मिला है। जिससे संस्था की अन्य छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित करके परिश्रम करने की प्रेरणा मिलेगी। इस मौके पर सीनियर प्रवक्ता रघूबीर पटेल, संगीत कुमार, दीपक, विनोद कुमार, सुरेश, वंदना, निशा, दया, शीशराम, सुजीत, अशोक, करतार, अभय सिंह, सुदेश, सरिता, तृप्ती, शिवानी, कविता, मनीषा, सावित्री मौजूद रही हैं।





**नांगल चौधरी।** प्रदेश स्तर पर टॉपर रही छात्रा का अभिनंदन करता शिक्षक स्टाफ व इसरो का भ्रमण करके स्कूल पहुंची छात्राओं को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ दिनेश कुमार। *फोटो: हरिभूमि*

### विजेता छात्रा को मिली 41 हजार पुरस्कार राशि

*प्राचार्य डॉ दिनेश कुमार ने बताया कि विजेता छात्रा अनिता ने जिला स्तर पर प्रथम स्थान अर्जित करके 16 हजार पुरस्कार राशि दी जीती थी। इसके बाद स्टेट लेवल पर प्रथम स्थान हांसिल करने पर मेधावी छात्रा को 25 हजार पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया है। उन्होंने बताया कि छात्रा की उपलब्धि से स्कूल का नाम रोशन हुआ है। गणतंत्र दिवस पर मेधावी छात्रा का सार्वजनिक अभिनंदन किया जाएगा।*

## नगर परिषद में करीब 38200 गृहकर बकायेदार

# 10 लाख से ऊपर के गृहकर बकायेदारों को नप का नोटिस

*अगर बकाया कर जमा नहीं कराया जाता है, तो बिल्डिंग को सील कर दिया जाएगा*

राजकुमार ⏭नारनौल

नगर परिषद ने हाउस टैक्स के बकायेदारों के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। परिषद ने इन बकायेदारों को नोटिस और हाउस टैक्स के बिल जारी किए हैं, जिसमें उन्हें एक सप्ताह में बकाया हाउस टैक्स जमा कराने के लिए कहा गया है। नोटिस में चेतावनी दी गई है कि अगर बकाया कर जमा नहीं किया जाता है, तो हरियाणा नगर पालिका अधिनियम 1973 की धारा 94 व 96 भू–राजस्व एक्ट के तहत वसूली जाएगी। अदायगी नहीं करने पर बिल्डिंग को सील कर दिया जाएगा या कोर्ट में केस दायर कर चल–अचल संपत्ति कुर्क करवाई जाएगी। इस हर्जे–खर्चे के लोग स्वयं जिम्मेवार होंगे। बता दें कि नारनौल शहर में करीब 38,200 हाउस से गृहकर की वसूली की जानी है, जिनमें होटलों, स्कूलों, सिनेमा हॉल, अस्पताल और कमर्शियल भवन शामिल हैं। कमाल की बात है कि इन निजी भवनों के अलावा शहर में अनेक विभागों के सरकारी कार्यालय भी बने हुए हैं, जिनकी तरफ भी नगर परिषद का लाखों रुपया हाउस टैक्स के रूप में बकाया चल रहा है। इन भवनों में से कईयों के मालिक ऐसे भी हैं, जो दस या इससे अधिक सालों से नगर परिषद को गृहकर की अदायगी नहीं कर रहे हैं और उन पर दस लाख या इससे ज्यादा रुपये बकाया के रूप में चढ़ गए हैं। नगर परिषद ने करीब 500 ऐसे भवनों की पहचान की हुई है, जिनको कड़ी चेतावनी के नोटिस जारी किए गए हैं। परिषद का कहना है कि बकायेदारों पर करीब 10 करोड़ रुपये का बकाया है, जिसे जल्द से जल्द जमा कराया जाना चाहिए। नगर परिषद की इस कार्रवाई से बकायेदारों में हड़कंप मच गया है। लोग जल्द से जल्द अपने बकाया कर का भुगतान करने के लिए आगे आने लगे हैं तथा हाउस टैक्स ब्रांच से संपर्क करने लगे हैं। परिषद का कहना है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, और बकायेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**कोर्ट में केस दायर कर चल–अचल संपत्ति कुर्क करवाई जाएगी**




**नारनौल।** नगर परिषद कार्यालय। *फोटो: हरिभूमि*

### बकायेदारों का संक्षिप्त विवरण

जीएम रोडवेज 439007 रुपये, हरियाणा स्टेट वेयर हाउस 371202 रुपये, एग्रीकल्चर 576569 रुपये, नहर विभाग 529160 रुपये, ओलंपिक क्लब 30201 रुपये, गोल्ड सिनेमा 163227, हीरो 524109 रुपये, रेनबो 825012 रुपये बकाया हैं। ऐसे ही अनेक केस हैं, जिनकी तरफ मोटी रकम वर्षों से बकाया चल रही है।

### बकायेदारों के लिए विकल्प

- *⏭ऑनलाइन भुगतानः नगर परिषद की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भुगतान किया जा सकता है।*
- *⏭ऑफलाइन भुगतानः नगर परिषद के कार्यालय में जाकर ऑफलाइन भुगतान किया जा सकता है।*

### बकायेदारों के लिए चेतावनी

- *⏭अगर बकाया कर जमा नहीं कराया जाता है, तो बिल्डिंग को सील कर दिया जाएगा।*
- *⏭कोर्ट में केस दायर कर संपत्ति कुर्क करवाई जाएगी।*
- *⏭बकायेदारों के खिलाफ अन्य सख्त कार्रवाई भी की जाएगी।*

### गृहकर बकायेदारों को एक सप्ताह का समय



*गृहकर बकायेदारों को नोटिस एवं अमाउंट के बिल दोनों ही जारी कर दिए हैं तथा उन्हें अदायगी के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है। परिषद ने राजस्व वसूली का लक्ष्य रखा है, जिसे पाने के लिए हाउस टैक्स के नोटिस एवं बिल जारी किए गए हैं। परिषद ने बकायेदारों को चेतावनी दी है कि अगर वे जल्द से जल्द बकाया कर जमा नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नोटिस के जारी होने के बाद समय रहते यदि हाउस टैक्स की अदायगी नहीं होती है तो संबंधित भवन को सील कर दिया जाएगा। कोर्ट में केस दायर कर कुर्की की कार्रवाई भी शुरू की जाएगी। साथ ही परिषद ने लोगों से अपील की है कि वे अपने हाउस टैक्स का भुगतान समय पर करें, ताकि शहर के विकास कार्यों को गति मिल सके।*

*-सुशील कुमार भुक्कल, कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद, नारनौल*




**नारनौल।** लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित करते अमित शर्मा। *फोटो: हरिभूमि*

## प्रशासन गांव की ओर सुशासन सप्ताह के तहत कैंप लगाया

- कैंप में मौके पर ही बनाई 25 लाभार्थियों की पेंशन

हरिभूमि न्यूज ⏭नांगल चौधरी

सेवा विभाग की ओर से एसडीएम कार्यालय नांगल चौधरी में शुक्रवार सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम आयोजन किया। इस मौके पर 25 लाभार्थियों की पेंशन बनाई। जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा ने बताया कि इसमें वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, विधवा पेंशन और विधुर पेंशन के लाभार्थी शामिल हैं। सभी लाभार्थियों को मौके पर ही स्वीकृति पत्र वितरित किए। श्री शर्मा ने कहा कि सेवा विभाग की ओर से मापदंड पूरे करने वाले लाभार्थी को समय पर लाभ दिया जाता है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा प्रत्येक माह गांव-गांव जाकर विभागीय योजनाओं का लाभ दिया जाता है।

### योजना का लाभ लें

उन्होंने कहा कि जिन लड़कियों व महिलाओं की वार्षिक आय एक लाख रूपए से कम है वह आवेदन कर लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ ले सकती हैं। अभी तक इस योजना के लिए एप पर अप्लाई नहीं किया है वे एप अप्लाई कर योजना का लाभ ले सकती हैं। इस मौके पर अरूण कुमार अन्वेषक, कप्तान सिंह, सतीश कुमार, शीशराम व विक्रम सिंह के के अलावा सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

उन्होंने कहा कि अगर किसी व्यक्ति की फैमिली आईडी में उनका डाटा वैरिफाई नहीं हो रहा है तो वह नजदीकी सीएससी में जाकर अपनी फैमिली आईडी में डाटा वैरिफाई करवाएं। क्रीड विभाग से वैरिफिकेशन के बाद जो डाटा मुख्यालय से कार्यालय को प्राप्त होता है उस पर तुरन्त कार्यवाही की जाती है।

## वितरित होंगे सहायक व कृत्रिम अंग

- दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकजनों के लिए 22 से 26 तक चिन्हित (एसेसमेंट) शिविरों का आयोजन
- 22 को सीएचसी कनीना की जगह अब बीडीपीओ कार्यालय कनीना में लगेगा चिन्हित (एसेसमेंट) शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

उपायुक्त एवं जिला रेड क्रॉस समिति के अध्यक्ष कैप्टन मनोज कुमार के मार्गदर्शन में आर्टिफिशियल लिम्ब्स मैन्युफैक्चरिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एलिम्को) के सौजन्य से दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकजनों के लिए आगामी 22 से 26 दिसंबर तक विभिन्न स्थानों पर सुबह 10 से शाम चार बजे तक चिन्हित (एसेसमेंट) शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन शिविरों में चिन्हित किए गए दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों के माप-तोल अनुसार कृत्रिम अंग तैयार किए जाएंगे। उन्होंने दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकजनों से कहा है कि वे कैंप में दिव्यांगजन अपना यूडीआईडी कार्ड, आधार कार्ड, आय प्रमाण-पत्र एवं पासपोर्ट साईज फोटो तथा वरिष्ठ नागरिक आधार कार्ड, आय प्रमाण-पत्र एवं पासपोर्ट साईज फोटो साथ लेकर आएं।

### रेड क्रॉस सचिव बलवान सिंह ने दी जानकारी

यह जानकारी देते हुए जिला रेड क्रॉस सचिव बलवान सिंह ने बताया कि दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिक जनों को कृत्रिम सहायक उपकरण मोटराईज तिपहिया साइकिल, तिपहिया साइकिल, व्हीलचेयर, कमबोर्ड चेयर, कान की मशीन व क्रेच जैसे उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए 22 से 26 दिसंबर तक विभिन्न स्थानों पर चिन्हित (एसेसमेंट) शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 22 दिसंबर को सीएचसी कनीना की जगह अब खण्ड विकास एंव पंचायत अधिकारी कार्यालय कनीना में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकजनों के लिए चिन्हित (एसेसमेंट) शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 23 दिसंबर को सरकारी अस्पताल महेंद्रगढ़, 24 दिसंबर को सीएचसी अटेली, 25 दिसंबर को सीएचसी नांगल चौधरी तथा 26 दिसंबर को रेड क्रॉस भवन नारनौल में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकजनों के लिए चिन्हित (एसेसमेंट) शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

## सुशासन को लेकर डीएसपी ने दिए दिशा-निर्देश

- कनीना सिटी थाने में आयोजित की गई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭कनीना

जिले भर में 19 से 25 दिसंबर तक मनाए जा रहे सुशासन सप्ताह को लेकर शुक्रवार को कनीना के डीएसपी दिनेश कुमार ने पुलिस के अनुसंधानकर्ताओं तथा कर्मचारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। कनीना शहर थाना परिसर में आयोजित बैठक में उन्होंने पुलिस कर्मियों से कहा कि इस सप्ताह प्रशासन गांव की ओर रुख करेगा। जिसके माध्यम से आमजन की विभिन्न समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन द्वारा शुरू किए इस सुशासन सप्ताह को लेकर पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के दिशा निर्देशन में प्रत्येक पुलिस थाने में बैठक आयोजित कर पुलिस कर्मचारियों को जनहित से जुड़ी समस्याओं के निदान को लेकर अवगत कराया जा रहा है।



**कनीना।** बैठक में पुलिस कर्मचारियों को जरूरी दिशा–निर्देश देते डीएसपी दिनेश कुमार। *फोटो: हरिभूमि*

### आमजन प्रशासन का सहयोग करें

उन्होंने कहा कि शहर व गांव की सुंदरता को लेकर आमजन प्रशासन का सहयोग करें और आपसी तालमेल से जन समस्याओं का निराकरण करें। उन्होंने बैठक में उपस्थित सिटी थाना इंचार्ज संदीप हुड्डा, सदर थाना इंचार्ज देवेंद्र सिंह सहित पुलिस कर्मचारियों को जन समस्याओं का तत्परता से निदान करने के निर्देश दिए गए।

## महेंद्रगढ़ पुलिस की मुहिम से संवर रहा युवाओं का भविष्य

# पुलिस का नशा मुक्त अभियानः अब तक 98 तस्कर गिरफ्तार, भारी मात्रा में नशीला पदार्थ बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल


महेंद्रगढ़ पुलिस ने नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत वर्ष 2025 में बड़ी सफलताएं हासिल की हैं। जिले में नशे के कारोबार पर नकेल कसते हुए पुलिस ने एक जनवरी से 17 दिसम्बर तक की अवधि में ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। इस दौरान पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल 57 मामले दर्ज किए हैं, जिनमें संलिप्त 98 नशा तस्करों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ द्वारा गठित विशेष टीमों ने इस वर्ष भारी मात्रा में नशीला पदार्थ जब्त कर तस्करी के नेटवर्क को ध्वस्त किया है। बरामद किए गए पदार्थों में 922 किलो 216 ग्राम डोडा पोस्त, 186 किलो 783 ग्राम गांजा, 1 किलो 697 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) शामिल है। इसके अतिरिक्त पुलिस ने 500 ग्राम चरस/सुलफा, 69 ग्राम स्मैक, 16 ग्राम अफीम और 128 नशीले कैप्सूल की खेप बरामद की है। नशा तस्करों पर कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ महेंद्रगढ़ पुलिस ने सामाजिक स्तर पर भी जागरूकता की अलख जगाई है। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में जिले भर के स्कूलों, कॉलेजों, ग्रामीण चौपालों और सार्वजनिक स्थानों पर विशेष सेमिनार व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, ताकि युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया जा सके। विशेष पहल के रूप में विभिन्न गांवों में खेल गतिविधियां संचालित करने के लिए एसपीओ नियुक्त किए गए, जिन्होंने युवाओं को खेल के मैदानों तक पहुंचाने और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से ग्रामीण युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा प्रदान की जा रही है।



एसपी पूजा वशिष्ठ

### नशे से जुड़ी जानकारी बेझिझक पुलिस को दें

पुलिस अधीक्षक ने आमजन से कहा है कि वे नशे के व्यापार से जुड़ी कोई भी जानकारी बेझिझक पुलिस को दें, ताकि युवा पीढ़ी को इस दलदल से सुरक्षित रखा जा सके। पुलिस आगामी दिनों में भी इस अभियान को ओर अधिक सख्ती के साथ जारी रखेगी।



## प्रिया फाउंडेशन के रक्तदान शिविर में 55 यूनिट रक्त संग्रह

**मंडी अटेली।** प्रिया फाउंडेशन की ओर से अटेली गांव में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 55 ब्लड यूनिट रक्तदान किया। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। रक्तदान शिविर के दौरान डॉ. नवीन एवं डा. संजीत उनकी टीम द्वारा सभी रक्तदाताओं की विधिवत जांच कर सुरक्षित तरीके से रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान करने वाले सभी स्वयंसेवकों को प्रिया फाउंडेशन की तरफ से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे रक्तदाताओं का उत्साह और बढ़ा। इस मौके पर गांव के सरपंच देवेंद्र कुमार ने कहा कि खून की एक-एक बूंद बेहद कीमती होती है।